2. Vascular bundles always hexarch; Pith large and well-developed
3. Vascular bundles always diarch; Pith small or absent
4. Vascular bundles often polyarch; Pith absent

एकबीजपत्री जड़ के लिए निम्न में से कौन सही है?

1. संवहनी बंडल प्रायः बहुआदिदारुक; बड़े और सुविकसित मज्जा
2. संवहनी बंडल हमेशा षट्आदिदारुक; बड़े और सुविकसित मज्जा
3. संवहनी बंडल हमेशा द्विआदिदारुक; छोटे या अनुपस्थित मज्जा
4. संवहनी बंडल प्रायः बहुआदिदारुक; मज्जा अनुपस्थित

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

57 703557 2.0 0.5

The presence and abundance of a species in a local community is dependent on multiple processes. Which one of these processes is UNLIKELY to depend on intra- or inter-specific interactions?

1. Dispersal
2. Niche differentiation
3. Demographic stochasticity
4. Resource competition

स्थानीय समुदाय में एक प्रजाति की उपस्थिति और प्रचुरता विविध प्रक्रियाओं पर निर्भर होती है। इनमें से किस प्रक्रिया का आंतर- या अंतर-जातीय अन्योन्यक्रिया पर निर्भर होना असम्भव है?

1. प्रकीर्णन
2. निकेत विभेदीकरण
3. जनसांख्यिकीय प्रसंभाव्यता
4. संसाधन संघर्ष

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

58 | 703558 | 2.0 | 0.5

A desert annual plant with long-duration seed dormancy germinates only after heavy rainfall. What life history trait does this illustrate?

1. Bet-hedging strategy
2. *K* strategy
3. Frequency-dependent reproduction
4. Density-dependent reproduction

दीर्घ-कालिक बीज प्रसुप्तता वाला एक मरुस्थलीय वार्षिक पौधा केवल भारी वर्षा के बाद अंकुरित होता है। यह कौन से जीवन वृत्त लक्षण का उदाहरण है?

1. बेट-हेजिंग योजना
2. *K* योजना
3. आवृत्ति-निर्भर प्रजनन
4. घनत्व-निर्भर प्रजनन

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

59 | 703559 | 2.0 | 0.5

In life history theory, the concept of 'cost of reproduction' refers to:

1. reduced future reproductive output or survival due to current reproduction.
2. reduced current reproductive output to conserve energy for future reproduction.
3. trade-offs between foraging rates and reproduction.
4. trade-offs between mating and territorial defense.

जीवन इतिहास सिद्धांत में, 'प्रजनन का मूल्य' अवधारणा संदर्भित करती है:

1. वर्तमान प्रजनन के कारण भविष्य में प्रजननीय उत्पादन या उत्तरजीविता में कमी।
2. भविष्य में प्रजनन के लिए ऊर्जा संरक्षण हेतु वर्तमान प्रजननीय उत्पादन में कमी।
3. चारे की तलाश की दर और प्रजनन के मध्य सामंजस्य।
4. मैथुन और क्षेत्रीय सुरक्षा के मध्य सामंजस्य।

A1 : 1

1

A2 : 2

2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | A3: 3<br>3<br>A4: 4<br>4 | | |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 60 | 703560 | A researcher captured 60 bivalves from a habitat on day 1 and tagged all of them. On day 2, she caught 40 bivalves out of which 20 were already tagged. She then estimated the population size of bivalves in the lake using this information. Which one of the options represents the percentage of the bivalve population that were marked on day 1?<br><br>1. 10<br>2. 50<br>3. 60<br>4. 20<br><br>एक शोधार्थी ने एक प्राकृतवास से प्रथम दिन 60 सीपी पकड़े और उन सभी को चिन्हित किया। दूसरे दिन उसने 40 सीपी पकड़े जिनमें से 20 पहले से चिन्हित थे। तब उसने इस सूचना का प्रयोग करते हुए झील में सीपी की आबादी का आंकलन किया। कौन सा एक विकल्प पहले दिन चिन्हित की गयी सीपी की आबादी की प्रतिशतता को दर्शाता है?<br><br>1. 10<br>2. 50<br>3. 60<br>4. 20<br><br>A1: 1<br>1<br>A2: 2<br>2<br>A3: 3<br>3<br>A4: 4<br>4 | 2.0 | 0.5 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 61 | 703561 | Which one of the following options suggests indirect selection in a population?<br><br>1. Survival rate<br>2. Reproductive rate<br>3. Selection via kin associations<br>4. Selection via deleterious mutations<br><br>निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, आबादी में अप्रत्यक्ष चयन बतलाता है?<br><br>1. उत्तरजीविता दर<br>2. प्रजनन दर<br>3. स्वजन संगम द्वारा चयन<br>4. हानिकारक उत्परिवर्तन द्वारा चयन<br><br>A1: 1<br>1 | 2.0 | 0.5 |

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

62 703562 2.0 0.5

Which one of the following phenomena describes the evolution of wings in bats, birds, and insects?

1. Homoplasy
2. Common ancestry
3. Pleiomorphy
4. Symplesiomorphy

निम्न घटनाओं में से कौन सा एक, चमगादड़, पक्षियों और कीटों में पंखों के उद्विकास की व्याख्या करता है?

1. समाभिसरण
2. समान पूर्वजता
3. बहुरूपिता
4. सिम्पलेसिओमॉर्फी

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

63 703563 2.0 0.5

Which one of the following statements defines a monophyletic group?

1. A group of organisms that share a common ancestor and all of its descendants.
2. A group of organisms that includes species from unrelated lineages.
3. A group of organisms that lack a common ancestor.
4. A group of organisms that always lack apomorphic characters.

निम्न कथनों में से कौन एकस्रोतोत्भवी समूह को परिभाषित करता है?

1. जीवों का समूह जो उभयनिष्ठ पूर्वज और इसके वंशजों को साझा करते हैं।
2. जीवों का समूह जिसमें असंबद्ध वंशावलियों की प्रजातियाँ सम्मिलित हैं।
3. जीवों का समूह जिसमें उभयनिष्ठ पूर्वज का अभाव होता है।
4. जीवों का समूह जिसमें अपरूपी लक्षणों का हमेशा अभाव होता है।

A1: 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 64 | 703564 | A grassland has five sympatric species of grasshoppers. Males sing species-specific songs to attract conspecific females. The song represents which mode(s) of reproductive isolation?<br><br>1. postmating and prezygotic<br>2. postzygotic<br>3. premating and postzygotic<br>4. premating<br><br>एक घास के मैदान में टिड्डों की पाँच समस्थानिक प्रजातियाँ हैं। समजातीय मादा को आकर्षित करने के लिए नर प्रजाति-विशिष्ट गुंजन करता है। गुंजन प्रजननीय पृथक्करण की किस विधि (विधियों) को दर्शाता है?<br><br>1. पश्चसंगमी और युग्मजपूर्व<br>2. पश्चयुग्मजीय<br>3. पूर्वसंगमी और पश्चयुग्मजीय<br>4. पूर्वसंगमी<br><br>A1 : 1<br>1<br>A2 : 2<br>2<br>A3 : 3<br>3<br>A4 : 4<br>4 | 2.0 | 0.5 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 | 703565 | For expression of a gene of interest (Goi) and a green fluorescent protein (GFP) in mammalian cells, Goi and GFP must be expressed in a single mRNA, but translated independently. Which one of the following would be the structure of the expression construct?<br><br>(Pro - promoter; Enh - enhancer; IRES - internal ribosome entry site; pA - poly adenylation signal sequence)<br><br>1. Pro – Enh – Goi – IRES – GFP – pA<br>2. Enh – Pro – Goi – GFP– IRES – pA<br>3. Pro – Enh – Goi – GFP – IRES – pA<br>4. Enh – Pro – Goi – IRES – GFP– pA | 2.0 | 0.5 |

स्तनधारी कोशिकाओं में रुचिकर जीन (Goi) और एक हरित स्फुरदीप्ति प्रोटीन (GFP) की अभिव्यक्ति के लिए Goi और GFP दोनों एक एकल mRNA में अभिव्यक्त हो, लेकिन स्वतंत्र रूप से अनुवादित होने चाहिए। निम्न में से कौन सा एक अभिव्यक्ति कंस्ट्रक्ट की संरचना होगी?

(Pro – उन्नायक; Enh – संवृद्धिकर; IRES – आंतरिक राइबोसोम प्रवेश स्थल; pA – बहु ऐडेनिलिकरण संकेत अनुक्रम)

1. Pro – Enh – Goi – IRES – GFP – pA
2. Enh – Pro – Goi – GFP– IRES – pA
3. Pro – Enh – Goi – GFP – IRES – pA
4. Enh – Pro – Goi – IRES – GFP– pA

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 66 | 703566 | | 2.0 | 0.5 |
|---|---|---|---|---|

Which one of the following statements is correct?

1. The *ALS* selection marker gene used for development and selection of transgenic plants confers resistance to the antibiotic, ampicillin.
2. A T0 transgenic plant containing two tightly linked copies of a transgene expression cassette would show segregation of the transgenic phenotype in a 15:1 ratio in the T1 generation obtained by self-pollination.
3. Non-conditional, negative selection marker genes cannot be expressed under a constitutive promoter for selection of transgenic plants.
4. Transgenic plants containing multiple copies of the T-DNA are preferred for field studies as they would always show increased expression levels of the transgene across multiple generations.

निम्न कथनों में से कौन एक सही है?

1. पारजीनी पौधों के विकास और चुनाव के लिए प्रयोग किए गए *ALS* चयन चिन्हक जीन एम्पिसिलिन प्रतिजैविक के लिए प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं।
2. एक पारजीन अभिव्यक्ति कैसेट की दो दृढ़ता से जुड़ी हुई प्रतिलिपियों वाला एक T0 पारजीनी पौधा, स्वपरागण द्वारा प्राप्त T1 पीढ़ी में 15:1 के अनुपात में पारजीनी लक्षणप्ररूप में पृथक्करण दर्शाता है।
3. पारजीनी पौधों के चयन के लिए, अनऔपबंधिक नकारात्मक चयन चिन्हक जीन एक रचक उन्नायक से अभिव्यक्त नहीं किए जा सकते हैं।
4. क्षेत्र प्रयोग (अध्ययन) के लिए T-DNA की बहु-प्रतिलिपि वाले पारजीनी पौधों को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे हमेशा कई पीढ़ियों तक पारजीन का वर्धित अभिव्यक्ति स्तर दर्शाते हैं।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

67 703567 2.0 0.5

Which experiment would be most effective in assessing the synergistic role of mycorrhizal fungi and plants in phytoremediation?

1. Comparing pollutant uptake in plants with and without fungal inoculation under identical soil conditions.
2. Analysing fungal growth rates in polluted versus unpolluted soil.
3. Measuring the root-to-shoot ratio of plants grown in polluted soil with fungal inoculation.
4. Assessing photosynthetic rates in inoculated versus uninoculated plants.

पादप-उपचारण में मायकोरिजल कवक और पादपों की योगवाही भूमिका के मूल्यांकन में कौन सा प्रयोग सबसे अधिक प्रभावी होगा?

1. एकसमान मृदा स्थितियों में कवक संरोपण के साथ और इसके बिना, पौधों में प्रदूषक अंतर्ग्रहण की तुलना।
2. प्रदूषित बनाम अदूषित मृदा में कवक वृद्धिदर का विश्लेषण।
3. कवक संरोपण से प्रदूषित मृदा में विकसित पौधों के जड़ बनाम तना अनुपात का मापन।
4. संरोपित बनाम असंरोपित पौधों में प्रकाशसंश्लेषण दरों का आंकलन।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

68 703568 2.0 0.5

Which of the following enzymes is used for conversion of blood glucose to gluconolactone in commercially available blood glucometer?

1. Glucose oxidase
2. Glucose reductase
3. Glucose dehydrogenase
4. Gluconolactonase

निम्न में से कौन सा एन्जाइम व्यावसायिक रूप से उपलब्ध रुधिर ग्लूकोमापी में, रक्त ग्लूकोज के ग्लूकोनोलैक्टोन में परिवर्तन के लिए प्रयोग किया जाता है?

1. ग्लूकोज ऑक्सीडेज
2. ग्लूकोज रिडक्टेज
3. ग्लूकोज डिहाइड्रोजिनेज
4. ग्लूकोनोलैक्टोनेज

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 69 | 703569 | Select the correct set of 8-mer primer pair to PCR amplify a DNA fragment containing the region shown in upper case letters below:<br><br>5' – gagatcaggacttaGATTACAGATTACAGATTACAGATTACAggccaagtc - 3'<br><br>1. 5' - AGGACTTA - 3' and 5' - GGCCAAGT - 3'<br>2. 5' - TAAGTCCT - 3' and 5' - ACTTGGCC - 3'<br>3. 5' - AGGACTTA - 3' and 5' - ACTTGGCC - 3'<br>4. 5' - AGGACTTA - 3' and 5' - AGATTACA - 3'<br><br>निम्न बड़े अक्षरों में प्रदर्शित क्षेत्र वाले एक PCR प्रवर्धित DNA खंड के लिए 8-mer प्राइमर युग्म के सही समुच्चय का चयन कीजिए:<br><br>5' – gagatcaggacttaGATTACAGATTACAGATTACAGATTACAggccaagtc - 3'<br><br>1. 5' - AGGACTTA - 3' और 5' - GGCCAAGT - 3'<br>2. 5' - TAAGTCCT - 3' और 5' - ACTTGGCC - 3'<br>3. 5' - AGGACTTA - 3' और 5' - ACTTGGCC - 3'<br>4. 5' - AGGACTTA - 3' और 5' - AGATTACA - 3'<br><br>A1: 1<br>1<br>A2: 2<br>2<br>A3: 3<br>3<br>A4: 4<br>4 | 2.0 | 0.5 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 70 | 703570 | | 2.0 | 0.5 |

Sheep RBCs (SRBCs) were added in wells 1-10 of a micro-titre plate as shown in the figure below. Next, serum from a mouse that had been immunized with SRBCs was diluted 1/50 in a tube and then added in serial two-fold dilutions from wells 1-9.




Which of the following statements is correct about titre of anti-SRBC antibodies in the serum sample?

1. The titre is 1/400.
2. The titre is 1/6.
3. The titre is 1/800.
4. The titre is 1/8.

निम्न चित्रानुसार एक सूक्ष्म-अनुमाप प्लेट की 1-10 कूपों में भेड़ के RBCs (SRBCs) डाले गये। तत्पश्चात, SRBCs से प्रतिरक्षित मूषक के सीरम को एक नलिका में 1/50 तनुकृत किया गया और फिर 1-9 कूपों में क्रमिक दो-गुना तनुकरण करके मिलाया गया।




निम्न कथनों में से कौन सीरम नमूने में प्रति-SRBC प्रतिरक्षियों के अनुमाप के बारे में सही है?

1. अनुमाप 1/400 है।
2. अनुमाप 1/6 है।
3. अनुमाप 1/800 है।
4. अनुमाप 1/8 है।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 71 | 703571 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

In a typical experiment, 15 mL of an aqueous solution containing an unknown quantity of acetylcholine had a pH of 7.65. When the solution is incubated with acetylcholinesterase, the pH of the solution decreased to 6.87. Assuming that there was no buffer in the reaction mixture, determine the number of moles of acetylcholine in the 15 mL solution.

1. $1.65 \times 10^{-9}$ mol to $1.75 \times 10^{-9}$ mol
2. $2.65 \times 10^{-9}$ mol to $2.75 \times 10^{-9}$ mol
3. $0.65 \times 10^{-9}$ mol to $0.75 \times 10^{-9}$ mol
4. $3.30 \times 10^{-9}$ mol to $3.40 \times 10^{-9}$ mol

एक आदर्श प्रयोग में एसिटिलकोलीन की अज्ञात मात्रा वाले 15 mL जलीय विलयन का pH 7.65 है। जब विलयन को एसिटिलकोलीनएस्टरेज के साथ ऊष्मायित किया तो विलयन का pH, 6.87 तक कम हो गया। यह मानते हुए कि अभिक्रिया मिश्रण में कोई बफर नहीं था, 15 mL विलयन में एसिटिलकोलीन के मोलों की संख्या को निर्धारित करिये।

1. $1.65 \times 10^{-9}$ मोल से $1.75 \times 10^{-9}$ मोल
2. $2.65 \times 10^{-9}$ मोल से $2.75 \times 10^{-9}$ मोल
3. $0.65 \times 10^{-9}$ मोल से $0.75 \times 10^{-9}$ मोल
4. $3.30 \times 10^{-9}$ मोल से $3.40 \times 10^{-9}$ मोल

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

72 | 703572 | 4.0 | 1.0

Match the following ribose sugar pucker in nucleic acids (labeled A, B, C, D) with their corresponding conformational states. The black circle denotes the base of the nucleotide.




A B C D

1. A – C2′-exo; B – O4′-exo; C – C3′-endo; D – O4′-endo
2. A – C2′-endo; B – O4′-endo; C – C3′-endo; D – O4′-exo
3. A – C2′-endo; B – O4′-exo; C – C3′-exo; D – O4′-exo
4. A – C2′-exo; B – O4′-endo; C – C3′-exo; D – O4′-endo

न्यूक्लिक अम्लों (A, B, C, D चिन्हित) में निम्न राइबोज शर्करा प्रकुंच का उनके परस्पर संरूपीय अवस्थाओं से मिलान करिये। काला वृत्त न्यूक्लियोटाईड के क्षार को दर्शाता है।




A B C D

1. A – C2′-exo; B – O4′-exo; C – C3′-endo; D – O4′-endo
2. A – C2′-endo; B – O4′-endo; C – C3′-endo; D – O4′-exo
3. A – C2′-endo; B – O4′-exo; C – C3′-exo; D – O4′-exo
4. A – C2′-exo; B – O4′-endo; C – C3′-exo; D – O4′-endo

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

73 | 703573 | 4.0 | 1.0

Given below are four metabolic intermediates (i-iv) listed against amino acids (A-E):




A. i - serine, glycine, cysteine
B. iv - alanine, valine, leucine
C. iii - glutamate, glutamine, proline
D. ii - methionine, threonine, lysine
E. i - histidine

Which one of the following options correctly pairs the metabolic intermediates with their corresponding amino acid end product(s)?

1. A and E
2. B and D
3. A and C
4. C and E

नीचे चार उपापचयी मध्यवर्ती (i-iv) अमीनो अम्लों (A-E) के सम्मुख सूचीबद्ध किए गए हैं:




A. i – सेरीन, ग्लाइसीन, सिस्टीन
B. iv – एलेनीन, वैलीन, ल्यूसीन
C. iii – ग्लूटामेट, ग्लूटामीन, प्रोलीन
D. ii – मेथियोनीन, थ्रियोनीन, लाईसीन
E. i – हिस्टिडीन

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, उपापचयी मध्यवर्तियों को उनके पारस्परिक अमीनो अम्ल अंत्य उत्पाद (उत्पादों) के साथ सही रूप से युग्मित करता है?

1. A और E
2. B और D
3. A और C
4. C और E

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 74 | 703574 | | 4.0 | 1.0 |

The graph below shows the plot of 1/v vs 1/[S] for an enzymatic reaction, with the solid and dashed lines representing the reactions without and with an inhibitor, respectively. The concentration of the inhibitor is 1 μM.




Which one of the following will be the $K_I$ of the inhibitor?

1. 0.33
2. 1.0
3. 0.50
4. 2.0

निम्न रेखाचित्र, एक एन्जाइमी अभिक्रिया के लिए 1/v बनाम 1/[S] के आरेख को दर्शाता है, ठोस और खंडित रेखाएं क्रमशः एक संदमक की अनुपस्थिति और उपस्थिति में अभिक्रिया को प्रदर्शित करती हैं। संदमक की सांद्रता 1 μM है।




निम्न में से कौन एक, संदमक की $K_I$ होगी?

1. 0.33
2. 1.0
3. 0.50
4. 2.0

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

75 703575 4.0 1.0

The circular dichroism spectra for near-UV and far-UV regions of a polypeptide chain are given below.




Which one of the following options represents a correct inference about the polypeptide fold based on the above data?

1. It contains only β sheets.
2. It has to be an alternate α/β fold.
3. It has to be a mixed α+β fold.
4. It belongs to either alternate α/β or mixed α+β fold.

एक पॉलीपेप्टाइड श्रंखला के निकट-UV और दूर-UV वृत्तीय द्विवर्णता वर्णक्रम को नीचे दिया गया है।




निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, उपरोक्त आँकणों के आधार पर पॉलीपेप्टाइड वलन के बारे में सही निष्कर्ष प्रदर्शित करता है?

1. इसमें केवल एक β शीट है।
2. इसे एक एकांतर α/β वलन होना चाहिए।
3. इसे एक मिश्रित α+β वलन होना चाहिए।
4. यह एकांतरित α/β या मिश्रित α+β वलन से संबंधित है।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

76 703576 4.0 1.0

$\Delta G^0$ of a reaction shows the following temperature dependence.




What is the expected dependence of $K_{eq}$ of the reaction on the temperature, where C is a temperature-independent constant?

1. $K_{eq} = C$
2. $K_{eq} = C \times e^{1/T}$
3. $K_{eq} = C \times e^{-T}$
4. $K_{eq} = -RT \ln(C)$

एक अभिक्रिया की $\Delta G^0$ निम्न ताप निर्भरता प्रदर्शित करती है।




इस अभिक्रिया के $K_{eq}$ की तापमान पर अपेक्षित निर्भरता क्या है जहाँ C एक ताप-स्वतंत्र स्थिरांक है?

1. $K_{eq} = C$,
2. $K_{eq} = C \times e^{1/T}$
3. $K_{eq} = C \times e^{-T}$
4. $K_{eq} = -RT \ln(C)$

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

77 703577 4.0 1.0

A putative mitochondrial signal peptide was attached to the N-terminus of the DHFR protein and expressed in mammalian cells. Mitochondria were isolated, and a fraction was osmotically shocked briefly. Both osmotically shocked and untreated pools of mitochondria were treated with protease. It was observed that the DHFR was intact in both cases.

Which of the following statements best describes the function of the signal peptide?

1. It targets DHFR to the mitochondrial outer membrane, facing the cytosol.
2. It targets DHFR to the mitochondrial inner membrane, facing the intermembrane space.
3. It targets DHFR to the mitochondrial outer membrane, facing the intermembrane space.
4. It targets DHFR to the mitochondrial matrix.

एक कल्पित सूत्रकणिकीय संकेतक पेप्टाइड को DHFR प्रोटीन के N-सिरे से संबद्ध कर स्तनधारी कोशिकाओं में अभिव्यक्त किया गया। सूत्रकणिकाओं को पृथक किया गया, और उसके एक भाग को कुछ समय तक परासरणी प्रघात दिया गया। सूत्रकणिका के दोनों परासरणी प्रघातित और अनुपचारित समूहों को प्रोटियेज के साथ उपचारित किया गया। यह देखा गया कि DHFR दोनों मामलों में अखंडित था।

निम्न कथनों में से कौन, संकेतक पेप्टाइड के कार्य को सबसे अच्छे से वर्णित करता है?

1. यह DHFR को, कोशिकाद्रव की ओर अभिमुख सूत्रकणिका की वाह्य झिल्ली की ओर लक्षित करता है।
2. यह DHFR को, अंतरझिल्ली अंतराल की ओर अभिमुख सूत्रकणिका की आंतरिक झिल्ली की ओर लक्षित करता है।
3. यह DHFR को, अंतरझिल्ली अंतराल की ओर अभिमुख सूत्रकणिका की बाहरी झिल्ली की ओर लक्षित करता है।
4. यह DHFR को सूत्रकणिकीय आधात्री की ओर लक्षित करता है।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

78 703578 4.0 1.0

The lipid composition of the two monolayers of the plasma membrane is quite different. This lipid asymmetry is functionally relevant, especially in converting extracellular signals into intracellular ones. Given below are a few membrane lipids:

A. Phosphatidylserine
B. Phosphatidylinositol 4-phosphate
C. Phosphatidylcholine
D. Sphingomyelin

Choose the option that correctly defines all the lipids involved in signaling and are restricted to the cytosolic face of the plasma membrane.

1. A only
2. A and B
3. C and D
4. C only

प्लाज्मा झिल्ली की दो एकल-परतों का लिपिड संघटन काफी भिन्न होता है। यह लिपिड असममिति, विशेषतः वाह्यकोशिकीय संकेतों को अंतःकोशिकीय संकेतों में बदलने के लिए, क्रियात्मक रूप से प्रासंगिक होती है। नीचे झिल्ली के कुछ लिपिड्स दिए गए हैं।

A. फॉस्फाटाइडिलसेरीन
B. फॉस्फाटाइडिलइनोसिटोल 4-फॉस्फेट
C. फॉस्फाटाइडिलकोलिन
D. स्फिन्गोमाइलिन

उस विकल्प को चुनिये जो संकेतन में सम्मिलित सभी लिपिडों जो प्लाज्माझिल्ली के कोशिकाद्रवी सतह तक सीमित हैं, को सही ढंग से परिभाषित करता है।

1. केवल A
2. A और B
3. C और D
4. केवल C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 79 | 703579 | Cholera toxin activates the chloride channel in the epithelial cells of intestine leading to loss of $Cl^-$, and consequent loss of water leading to dehydration. Successful oral rehydration therapy involves supplementing water with glucose and salt and not just salt. This is | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

1. to replenish the energy lost by dehydration and replace chloride.
2. to create an osmotic gradient with $Na^+$ and glucose to allow water to move from intestinal lumen to blood via epithelial cells.
3. because the epithelial antiporter pumps water inside the epithelium in the presence of salt and glucose and eventually into blood.
4. because sodium chloride will release $Cl^-$ for replacing lost chloride along with water in the intestinal lumen.

हैजा विष आँत की उपकलीय कोशिकाओं में क्लोराइड प्रणाल को सक्रिय करता है जिससे $Cl^-$ की हानि होती है, परिणामतः जल हानि से निर्जलीकरण होता है। सफल मुखीय पुनर्जलीकरण चिकित्सा में केवल नमक युक्त नहीं अपितु ग्लूकोज और नमक युक्त जल सम्मिलित है। यह होता है

1. निर्जलीकरण द्वारा ऊर्जा हानि की भरपाई और क्लोराइड को प्रतिस्थापित करने के लिए।
2. उपकलीय कोशिकाओं से होते हुए जल को आँत की अवकाशिका से रक्त की ओर जाने के लिए अनुमत करने हेतु $Na^+$ और ग्लूकोज के साथ एक परासरणीय प्रवणता उत्पन्न करने के लिए।
3. क्योंकि उपकलीय प्रतिगमक, नमक की उपस्थिति में जल को उपकला से होते हुए अंततः रक्त में धकेलता है।
4. क्योंकि सोडियम क्लोराइड से निर्मुक्त $Cl^-$, आँत की अवकाशिका में जल के साथ-साथ घटे हुए क्लोराइड का प्रतिस्थापन करेगा।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 80 | 703580 | After synchronizing mammalian cells in culture with a double thymidine block (cell cycle duration of 24h), cells are released into fresh medium. After 6h, cells are split into 4 sets and each is treated with a) nothing, b) proteasome inhibitor, c) myosin II inhibitor, d) nocodazole.<br><br>From the options given below, choose the one that has the most likely outcome of the experiment.<br><br>1. a: synchronously dividing cells; b: binucleate cells; c: metaphase arrested; d: prometaphase arrested<br>2. a: synchronously dividing cells; b: prometaphase arrested; c: binucleate cells; d: metaphase arrested<br>3. a: binucleate cells; b: prometaphase arrested; c: synchronously dividing cells; d: anaphase arrested<br>4. a: synchronously dividing cells; b: metaphase arrested; c: binucleate cells; d: pro-metaphase arrested | 4.0 | 1.0 |

स्तनधारी कोशिकाओं को द्वि-थाइमिडीन संरोध (कोशिका चक्र का समय 24 घंटे है) युक्त संवर्धन में समकालिक करने के पश्चात्, कोशिकाओं को नए माध्यम में मुक्त किया गया। 6 घंटे के बाद कोशिकाओं को 4 सेटों में विभाजित किया गया और प्रत्येक को इस प्रकार उपचारित किया गया a) किसी से नहीं, b) प्रोटियासोम संदमक, c) मायोसिन II संदमक, d) नोकोडाजोल।

नीचे दिए गए विकल्पों में से उस एक को चुनिये जो इस प्रयोग का संभावित निष्कर्ष होगा।

1. a: समकालिकतः विभाजित हो रही कोशिकाएं; b: द्विकेन्द्रकी कोशिकाएं; c: मध्यावस्था रोधित; d: पूर्वमध्यावस्था रोधित
2. a: समकालिकतः विभाजित हो रही कोशिकाएं; b: पूर्वमध्यावस्था रोधित; c: द्विकेन्द्रकी कोशिकाएं; d: मध्यावस्था रोधित
3. a: द्विकेन्द्रकी कोशिकाएं; b: पूर्वमध्यावस्था रोधित; c: समकालिकतः विभाजित हो रही कोशिकाएं; d: पश्चावस्था रोधित
4. a: समकालिकतः विभाजित हो रही कोशिकाएं; b: मध्यावस्था रोधित; c द्विकेन्द्रकी कोशिकाएं; d: पूर्वमध्यावस्था रोधित

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 81 | 703581 | A region of a mouse chromosome was subjected to micrococcal nuclease hypersensitivity analysis over stages of development. In early stages, the region had regularly spaced nucleosomes. In later stages, the nucleosomes were irregularly spaced with several nucleosome free regions detected.<br><br>Based on the above observations, which one of the following is the best possible inference?<br><br>1. The chromatin region is a facultative heterochromatin.<br>2. The region is highly expressed in early stages.<br>3. Nucleosomes are not made efficiently in the late developmental stages.<br>4. The nucleosomal arrangements cannot be used to infer potential expression states. | 4.0 | 1.0 |

मूषक गुणसूत्र के एक क्षेत्र का, विकासीय अवस्थाओं में माईक्रोकोकल न्यूक्लिएज अतिसंवेदनशीलता का विश्लेषण किया गया। प्रारम्भिक अवस्थाओं में, क्षेत्र में नियमित रूप से अंतरालित न्यूक्लियोसोम थे। बाद की अवस्थाओं में अनियमित रूप से अंतरालित न्यूक्लियोसोम के साथ कई न्यूक्लियोसोम मुक्त क्षेत्र की पहचान की गयी।

उपरोक्त प्रेक्षणों के आधार पर, निम्न में से कौन एक संभवतः सबसे सही निष्कर्ष है?

1. क्रोमैटिन क्षेत्र एक वैकल्पिक हेटरोक्रोमैटिन है।
2. यह क्षेत्र प्रारम्भिक अवस्थाओं में अत्यधिक अभिव्यक्त होता है।
3. बाद की विकासीय अवस्थाओं में न्यूक्लियोसोम प्रभावशाली ढंग से नहीं बनते हैं।
4. न्यूक्लियोसोम की क्रमबद्धता का उपयोग, समर्थ अभिव्यक्ति दशाओं को अनुमानित करने के लिए नहीं किया जा सकता।

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 82 | 703582 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Given below are a few statements about vesicular transport.

A. Clathrin-mediated endocytosis requires the recruitment of adaptors to the cytosolic face of the plasma membrane.
B. The low-pH environment of early endosomes leads to the dissociation of cargo from its receptor, allowing for the recycling of receptors to the plasma membrane.
C. The late endosomes, which mature into the lysosomes, are directly involved in the recycling of synaptic vesicle proteins in neurons.
D. The multivesicular body pathway involves the formation of intraluminal vesicles, which sort cargo for degradation in the lysosomes.

Which one of the following options has all correct statements about endocytosis?

1. A and B only
2. B and D only
3. B, C and D
4. A, B and D

नीचे कुछ कथन पुटिकीय परिवहन के संदर्भ में दिए गए हैं।

A. क्लेथ्रिन-माध्यित अंतःकोशिकता के लिए, प्लाज्मा झिल्ली की कोशिकाद्रव अभिमुख सतह पर अनुकूलकों के नियुक्ति की आवश्यकता होती है।

B. प्रारम्भिक अंतःकायों के न्यून-pH वातावरण में कार्गो का इसके ग्राही से पृथक्करण होता है, जिससे प्लाज्मा झिल्ली को ग्राहियों के पुनःचक्रण की अनुमति मिलती है।

C. बाद के अंतःकाय, जो कि लयनकायों में परिपक्व होते हैं, तंत्रिकाओं में सिनेप्टिक पुटिका प्रोटीनों के पुनःचक्रण में स्पष्ट रूप से सम्मिलित होते हैं।

D. बहुपुटिकीय काय पथ में आंतर-अवकाशिकीय पुटिकाओं का निर्माण होता है, जो लयनकायों में कार्गो को विघटन के लिए छांटता है।

निम्न विकल्पों में से किस एक में, अंतःकोशिकता के बारे में सभी सही कथन हैं?

1. केवल A और B
2. केवल B और D
3. B, C और D
4. A, B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 83 | 703583 | | 4.0 | 1.0 |

To study different DNA double-strand break (DSB) repair pathways, a construct is developed that contains a neomycin selectable marker gene flanked by two inactive GFP genes: the first one is inactivated by the insertion of an I-SceI recognition sequence, and the other one has a 99 bp deletion at the 5′ end of the gene. The induction of the I-SceI endonuclease will create a DSB in the first GFP sequence.




The following expected outcomes have been proposed:

A. If the DSB is repaired by the gene conversion (GC) pathway, cells will be GFP-positive and neomycin-resistant.
B. If the DSB is repaired by the GC pathway, cells will be GFP-positive but neomycin-sensitive.
C. If the DSB is repaired by the single-strand annealing (SSA) pathway, cells will be GFP-positive and neomycin resistant.
D. If the DSB is repaired by the non-homologous end joining (NHEJ) pathway, cells will be GFP-negative and neomycin resistant.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A, C and D
2. B, C and D
3. A and C only
4. A and D only

विभिन्न DNA द्विवि-स्ट्रांड ब्रेक (DSB) मरम्मत पथों के अध्ययन के लिए, एक कन्स्ट्रक्ट विकसित किया गया जिसमें नियोमाइसिन वरणयोग्य चिन्हक जीन, दो निष्क्रिय GFP जीनों से घिरे रहता है: पहला I-SceI अभिज्ञान अनुक्रम के अंतर्वेशन से निष्क्रिय हुआ है तथा दूसरे में जीन के 5′ छोर पर 99 bp का विलोपन है। I-SceI एंडोन्यूक्लिएज प्रेरण से प्रथम GFP अनुक्रम में एक DSB उत्पन्न होगा।




निम्न संभावित निष्कर्षों को प्रस्तावित किया गया:

A. यदि DSB की मरम्मत जीन परिवर्तन (GC) पथ द्वारा की गई तो कोशिकाएं GFP-धनात्मक और नियोमाइसिन प्रतिरोधी होंगी।
B. यदि DSB की मरम्मत GC पथ द्वारा की गई तो कोशिकाएं GFP-धनात्मक किन्तु नियोमाइसिन संवेदी होंगी।
C. यदि DSB की मरम्मत एकल स्ट्रान्ड अनीलन (SSA) पथ द्वारा की गई तो कोशिकाएं GFP-धनात्मक और नियोमाइसिन प्रतिरोधी होंगी।
D. यदि DSB की मरम्मत विसजातीय अंत संयोजन (NHEJ) पथ द्वारा की गई तो कोशिकाएं GFP-नकारात्मक और नियोमाइसिन प्रतिरोधी होंगी।

निम्न विकल्पों में से कौन एक सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A, C और D
2. B, C और D
3. केवल A और C
4. केवल A और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 84 | 703584 | | 4.0 | 1.( |

In order to determine the origin of replication of a circular DNA, isolated DNA from the actively replicating cells were digested with different restriction enzymes (as indicated), followed by electrophoresis in a two-dimensional gel. Southern hybridization was performed with a DNA probe as indicated.




Based on the results of the Southern blots, indicate which of the following options best describes the location of the origin of replication?

1. Near the EcoRI site
2. Near the BamHI site
3. Near the HindIII site
4. Near the KpnI site

वृत्तीय DNA के प्रतिकृतियन उद्गम के बारे में पता लगाने के लिए, सक्रिय रूप से विभाजित कोशिकाओं से पृथक्कृत DNA को विभिन्न रेस्ट्रिक्सन एंज़ाइमों से पाचित किया गया (जैसे कि इंगित है), तत्पश्चात द्वि-विमीय जैल में वैद्युतकण संचलन किया गया। इंगित DNA प्रोब से सदर्न हाईब्रिडाइजेशन किया गया।




सदर्न ब्लाटों के परिणामों के आधार पर, इंगित करिये कि निम्न विकल्पों में से कौन प्रतिकृतियन उद्गम के स्थान को सबसे सही ढंग से वर्णित करता है?

1. EcoRI स्थल के निकट
2. BamHI स्थल के निकट
3. HindIII स्थल के निकट
4. KpnI स्थल के निकट

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 85 | 703585 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

In a study, researchers replaced the natural promoter of a gene with a synthetic promoter that contains a point mutation in the TATA box that prevents binding of the TATA-binding protein (TBP). The following outcomes would most likely result from this modification.

A. An mRNA will be generated with an alternate reading frame.

B. The mRNA will be transcribed by RNA polymerase I instead of RNA polymerase II.

C. Transcription may occur with a reduced efficiency.

D. Transcription may occur but will always result in the formation of a non-functional mRNA.

Which one of the following options represents the combination of all INCORRECT statements?

1. A and C only
2. A, B and D
3. A, C and D
4. B and D only

एक अध्ययन में, शोधार्थियों ने एक जीन के प्राकृतिक उन्नायक को TATA-बॉक्स प्रोटीन में एक बिन्दु उत्परिवर्तन जो TATA-बन्ध प्रोटीन (TBP) के बन्धन को रोकने वाले कृत्रिम उन्नायक से बदल दिया। निम्न निष्कर्ष, इस परिवर्तन से संभावित परिणाम हैं।

A. विकल्पी रीडिंग फ्रेम वाला एक mRNA बनेगा।

B. mRNA, RNA पॉलीमरेज II के बदले में, RNA पॉलीमरेज I के द्वारा अनुलेखित होगा।

C. अनुलेखन घटी हुई क्षमता के साथ हो सकता है।

D. अनुलेखन हो सकता है किन्तु सदैव अक्रियाशील mRNA का निर्माण होगा।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी **गलत** कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. केवल A और C
2. A, B और D
3. A, C और D
4. केवल B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 86 | 703586 | | 4.0 | 1.0 |

Match the following bacterial gene expression mechanisms:

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A. | Translated protein acts as a repressor (translational feedback) | i. | Stringent response |
| B. | Production of ppGpp in response to amino acid starvation, which in turn regulates transcription by binding to $\beta$ subunit of RNA polymerase | ii. | Ribosomal protein operon regulation |
| C. | Regulation of bacterial mRNA translation in *cis* | iii. | sRNA (small RNA) and chaperone require pairing with mRNA |
| D. | Regulation of bacterial mRNA translation in *trans* | iv. | Riboswitches that bind a ligand |

Which one of the following options represents all correct matches between Column X and Column Y?

1. A (iv) B (i) C (ii) D (iii)
2. A (i) B (iv) C (ii) D (iii)
3. A (iv) B (ii) C (i) D (iii)
4. A (ii) B (i) C (iv) D (iii)

जीवाणु जीन अभिव्यक्ति की निम्न क्रियाविधियों का मिलान करिये:

| स्तंभ X | | स्तंभ Y | |
|---|---|---|---|
| A. | अनुवादित प्रोटीन एक दमनकारी का कार्य करता है (अनुवादात्मक प्रतिपुष्टी) | i. | कठोर प्रतिक्रिया |
| B. | अमीनो अम्लों की कमी की प्रतिक्रिया से ppGpp का उत्पादन, जो RNA पॉलीमरेज की $\beta$ उपइकाई से बंधकर अनुलेखन को विनियमित करती है | ii. | राइबोसोमीय प्रोटीन ओपेरॉन विनियमन |
| C. | *cis* में जीवाणु mRNA अनुवादन का विनियमन | iii. | sRNA (लघु RNA) और चैपरॉन को, mRNA से युग्मन की आवश्यकता होती है |
| D. | *trans* में जीवाणु mRNA अनुवादन का विनियमन | iv. | राइबोस्विच जो एक संलग्नी से आबद्ध होता है |

निम्न विकल्पों में से कौन एक, स्तंभ X और स्तंभ Y के बीच सभी सही मिलानों को निरूपित करता है?

1. A (iv) B (i) C (ii) D (iii)
2. A (i) B (iv) C (ii) D (iii)
3. A (iv) B (ii) C (i) D (iii)
4. A (ii) B (i) C (iv) D (iii)

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 87 | 703587 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Adding mRNA that encodes a eukaryotic secretory protein to a cell-free translation system initiates protein translation. Signal recognition particle in low concentration and endoplasmic reticulum (ER) treated with 1% Triton X-100 were sequentially added to the cell free translation system.

Which of the following outcomes is the most likely?

1. Protein synthesis will begin but terminate prematurely, leading to shorter products.
2. The protein will be fully synthesized and incorporated into ER.
3. The protein will be fully synthesized, and its signal sequence will be removed without being incorporated into the ER
4. The protein will be fully synthesized but not incorporated into ER.

एक कोशिका मुक्त अनुवादन तंत्र में, सुकेन्द्रकीय स्रावित प्रोटीन को कोडित करने वाले mRNA को मिलाने पर प्रोटीन अनुवादन आरंभ होता है। कम सांद्रता में संकेत पहचान कण और 1% ट्राइटोन X-100 से उपचारित अंतःप्रद्रव्यी जालिका (ER) को क्रमानुसार कोशिका मुक्त अनुवादन तंत्र में मिलाया गया।

निम्न में से कौन सा सबसे संभावित निष्कर्ष है?

1. प्रोटीन संश्लेषण शुरु होगी किन्तु समय से पूर्व समाप्त हो जाएगी, जिससे की छोटे उत्पाद बनेंगे।
2. प्रोटीन पूर्ण रूप से संश्लेषित होगी और ER में समाविष्ट हो जाएगी।
3. प्रोटीन पूर्ण रूप से संश्लेषित होगी, और इसका संकेत अनुक्रम, ER में समाविष्ट हुए बिना ही हट जाएगा।
4. प्रोटीन पूर्ण रूप से संश्लेषित होगी किन्तु ER में समाविष्ट नहीं होगी।

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 88 | 703588 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Below is a table with the list of post-translational modifications on proteins and amino acid residues that are correspondingly modified.

| | Post-translational modification | Amino acid residue(s) |
|---|---|---|
| A. | Phosphorylation | Histidine |
| B. | Ubiquitination | Lysine, N-terminal Methionine |
| C. | O-linked glycosylation | Asparagine |
| D. | Hydroxylation | Proline, Cysteine |

Which post-translational modifications are correctly matched with the amino acid residues they typically modify?

1. A, B, and C
2. B, C, and D
3. C and D only
4. A and B only

निम्न तालिका, प्रोटीनों पर अनुवादोत्तर परिवर्तनों तथा पारस्परिक परिवर्तित अमीनो अम्ल अवशिष्ट की सूची है।

| | अनुवादोत्तर परिवर्तन | अमीनो अम्ल अवशिष्ट (अवशिष्टों) |
|---|---|---|
| A. | फॉस्फोरिलिकरण | हिस्टीडीन |
| B. | यूबीक्यूटिनिकरण | लाइसीन, N-शिरा मिथियोनीन |
| C. | O-सहलग्न ग्लाईकोसिलिकरण | एस्परजीन |
| D. | हाइड्रोक्सिलिकरण | प्रोलीन, सिस्टीन |

कौन से अनुवादोत्तर परिवर्तन, और इसके द्वारा विशिष्ट रूप से परिवर्तित अमीनो अम्ल अवशिष्ट का सही मिलान है?

1. A, B, और C
2. B, C, और D
3. केवल C और D
4. केवल A और B

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 89 | 703589 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

The following statements are made about the involvement of the type III protein secretion system (T3SS) during bacterial pathogenesis in plants and animals.

A. It involves a protein complex that spans both the inner and outer bacterial membranes.
B. T3SS mostly secretes Avr effector proteins directly into plant apoplast.
C. The genes encoding conserved components of the T3SS of plant and animal pathogenic bacteria are referred to as *Hrp* (hypersensitive response and pathogenicity cluster).
D. Once Avr effectors are delivered inside the plant cell, Hrp proteins are not needed for the activation of the defence response.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A and C
2. B and C
3. A and D
4. B and D

पादप और जंतुओं में जीवाणु रोगजनन के दौरान, टाइप III प्रोटीन स्रावण तंत्र (T3SS) की सहभागिता के बारे में निम्न कथन कहे गए।

A. इसमें एक प्रोटीन संकुल सम्मिलित है जो जीवाणु के दोनों बाहरी और भीतरी झिल्ली में फैली रहती है।
B. T3SS मुख्य रूप से Avr प्रभावी प्रोटीनों को पादप अपलवक में सीधे स्रावित करता है।
C. पादप और जंतुओं में रोगजनक जीवाणु के T3SS के संरक्षित घटकों को कोडित करने वाले जीनों को *Hrp* (अंतिसंवेदी प्रतिवेदन और रोगजनकता गुच्छ) के रूप में संदर्भित करते हैं।
D. एक बार जब Avr प्रभावी, पादप कोशिका के अंदर पहुंचते हैं तो Hrp प्रोटीन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के सक्रियता के लिए आवश्यक नहीं होते।

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, सभी सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और C
2. B और C
3. A और D
4. B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 90 | 703590 | | 4.0 | 1.0 |

Wnt/β-catenin signaling plays essential roles during development. The following statements are made about the Wnt/β-catenin signaling pathway:

A. In the absence of Wnt ligands, β-catenin is phosphorylated by the APC/Axin/GSK-3β complex, leading to its degradation.
B. The β-catenin/TCF complex acts as a repressor of gene expression upon activation of Wnt signaling.
C. The Wnt/β-catenin pathway is initiated by binding of Wnt ligands to receptor tyrosine kinases (RTKs).
D. β-catenin is involved in both cell-to-cell adhesion and transcriptional regulation.

Which one of the following options represents all correct statements?

1. A, B and C
2. A, B and D
3. A and D only
4. A and C only

विकास के दौरान, Wnt/β-कैटेनिन संकेतन आवश्यक भूमिका निभाता है। Wnt/β-कैटेनिन संकेतन पथ के बारे में निम्न कथन कहे गए:

A. Wnt संलग्नी की अनुपस्थिति में, β-कैटेनिन, APC/ऐक्सिन/GSK-3β सम्मिश्र द्वारा फॉस्फोरिलीकृत होती है, जो इसको विघात की ओर ले जाती है।
B. Wnt संकेतन सक्रियण पर, β- कैटेनिन /TCF सम्मिश्र, जीन अभिव्ययक्ति के दमनकारी की तरह कार्य करता है।
C. Wnt/β- कैटेनिन पथ, Wnt संलग्नी के ग्राही टाइरोसीन काइनेजेज (RTKs) से आबन्धन से प्रारंभ होता है।
D. β-कैटेनिन, कोशिका-से कोशिका आसंजन और अनुलेखन विनियमन दोनों में सम्मिलित होती है।

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक सभी सही कथनों को दर्शाता है?

1. A, B और C
2. A, B और D
3. केवल A और D
4. केवल A और C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 91 | 703591 | | 4.0 | 1.( |

T cell precursors that exit the bone marrow undergo positive and negative selection in the thymus before emerging as mature T cells. These processes are controlled by cellular interactions of the thymocyte with stromal cells in the thymus. The following statements are made regarding the selection process:

A. The selection process involves negative selection of auto-reactive cells in the cortex followed by their migration to the medulla.
B. The selection process relies on the transcription factor 'Aire'.
C. The selection process can lead to the generation of CD4 cells that can interact with dendritic cells (DCs) as well as B cells.
D. The selection process can lead to the generation of regulatory CD4 T cells.

Which one of the following options represents the combination of all correct answers?

1. A and B only
2. B and C only
3. B, C and D
4. A, B and D

अस्थि मज्जा से बहिर्गमित T कोशिका अग्रगामी का परिपक्व T कोशिका के रूप में उदीयमान होने से पहले उनका थाइमस में धनात्मक और ऋणात्मक चयन होता है। ये प्रक्रियाएं, थाइमस में थाइमोसाइट और पीठिका कोशिकाओं की कोशिकीय अन्योन्यक्रिया द्वारा नियंत्रित होती हैं। चयन प्रक्रियाओं के बारे में निम्न कथन कहे गए हैं:

A. चयन प्रक्रिया में, कॉर्टेक्स में स्वतः-प्रतिक्रियाशील कोशिकाओं का ऋणात्मक चयन सम्मिलित होता है, तत्पश्चात उनका मेड्यूला को अभिगमन होता है।
B. चयन प्रक्रिया, अनुलेखन कारक 'Aire' पर निर्भर होती है।
C. चयन प्रक्रिया से CD4 कोशिकाएं बन सकती हैं जो कि B कोशिकाओं के साथ-साथ द्रुमिका कोशिकाओं (DCs) से अन्योन्यक्रिया करती हैं।
D. चयन प्रक्रिया से नियामक CD4 T कोशिकाएं बन सकती हैं।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही उत्तरों के संयोजन को दर्शाता है?

1. केवल A और B
2. केवल B और C
3. B, C और D
4. A, B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 92 | 703592 | | 4.0 | 1.0 |

The following statements are made regarding the role of tumour microenvironment directly contributing to the metastatic process:

A. Hypoxia in primary tumours can induce the expression of VEGF and matrix metalloproteinases (MMPs) to promote metastasis.
B. Tumour-associated macrophages (TAMs) always inhibit metastasis through immune surveillance.
C. Cancer-associated fibroblasts (CAFs) provide structural support and secrete factors that promote metastasis.
D. The acidic pH of the tumour microenvironment impedes cancer cell migration.

Which one of the following options represents all correct statements?

1. A, C and D
2. B and D only
3. B, C and D
4. A and C only

अर्बुद सूक्ष्मपर्यावरण का सीधे तौर पर परास्थापन प्रक्रिया में सहायक होने की भूमिका के बारे में निम्न कथन कहे गए:

A. प्राथमिक अबुर्दों में अल्पआक्सीयता, परास्थापन को बढ़ाने के लिए, VEGF और मेट्रिक्स मेटेलोप्रोटीनेजेज (MMPs) को प्रेरित कर सकती है।
B. कर्क-संबद्ध वृहतभक्षकाणु (TAMs) प्रतिरक्षा निगरानी के द्वारा हमेशा परास्थापन को संदमित करते हैं।
C. अर्बुद-संबद्ध तंतुकोरक (CAFs) संरचनात्मक सहारा प्रदान करते हैं और परास्थापन को बढ़ावा देने वाले कारकों को स्रावित करते हैं।
D. अर्बुद सूक्ष्मपर्यावरण का अम्लीय pH, कर्क कोशिका के अभिगमन का अवरोध करता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के संयोजनों को दर्शाता है?

1. A, C और D
2. केवल B और D
3. B, C और D
4. केवल A और C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 93 | 703593 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

In an experiment, while screening for loss-of-function mutants, a student found a mutation in the gene encoding caspase-9 in the intrinsic pathway of apoptosis. The following are the possible consequences for this mutant cell:

A. Loss of mitochondrial membrane potential and release of cytochrome C.
B. Reduced formation of the apoptosome and defective initiation of apoptosis.
C. Inability to activate the death receptors.
D. Become resistant to UV irradiation-induced cell death.

Which one of the following options represents all correct statements?

1. A, B and D
2. B, C and D
3. B and D only
4. A and B only

एक प्रयोग में, जब कार्य-के-क्षति उत्परिवर्तियों की छंटनी के दौरान, एक विद्यार्थी, एपोप्टोसिस के आंतर पथ में, कैस्पेज-9 को कोडित करने वाले जीन में एक उत्परिवर्तन का पता लगाया। इस उत्परिवर्ती कोशिका के संभावित परिणाम निम्न हैं:

A. सूत्रकणिकीय झिल्ली विभव का ह्रास और साइटोक्रोम C का अवमुक्तन।
B. एपेटोसोम का कम निर्माण और एपोप्टोसिस का त्रुटिपूर्ण प्रारंभन।
C. मृत्यु ग्राहियों को सक्रिय करने की अयोग्यता।
D. UV विकिरण-प्रेरित कोशिका मृत्यु के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों को दर्शाता है?

1. A, B और D
2. B, C और D
3. केवल B और D
4. केवल A और B

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 94 | 703594 | | 4.0 | 1.0 |

The following statements were made about the alternative pathway of Complement activation in the immune system:

A. The pathway is initiated when antibodies bind to pathogen.
B. The pathway is initiated by spontaneous hydrolysis of serum Complement.
C. The pathway uses the same C3- and C5-convertases as the lectin pathway.
D. The pathway can be initiated by properdin and thrombin.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A and C
2. A and D
3. B and D
4. C and D

प्रतिरक्षी तंत्र में, पूरक सक्रियण के विकल्पी पथ के बारे में निम्न कथन कहे गए:

A. जब प्रतिरक्षी रोगजनक से आबद्ध होते हैं तब पथ प्रारंभ होता है।
B. पथ सीरम समपूरक के स्वतः जलअपघटन से प्रारंभ होता है।
C. यह पथ लैक्टिन पथ वाले C3- और C5-कन्वर्टेजेज का उपयोग करता है।
D. पथ प्रोपरडिन और थ्रोम्बिन द्वारा प्रारंभ हो सकता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और C
2. A और D
3. B और D
4. C और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 95 | 703595 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

A tetraploid plant (4X = 60 chromosomes) reproduces by obligate apomixis. However, fertilization of the central cell is required for its proper endosperm development (pseudogamy). The male meiosis in this plant is normal, giving rise to reduced gametes. What will be the chromosome numbers in the embryo and endosperm of the apomictic seeds resulting from pseudogamy?

1. Embryo = 30; endosperm = 90
2. Embryo = 60; endosperm = 150
3. Embryo = 60; endosperm = 90
4. Embryo = 60; endosperm = 120

एक चतुर्गुणित पौधा (4X = 60 गुणसूत्र) अविकल्पी असंगजनन द्वारा प्रजनन करता है। जबकि, इसके उचित भ्रूणपोष विकास (आभासी युग्मन) के लिए, मध्य कोशिका के निषेचन की आवश्यकता होती है। इस पौधे में नर अर्धसूत्रण सामान्य है, जिससे कम मात्रा में युग्मक बनते हैं। आभासी युग्मन के फलस्वरूप बने असंगजनिक बीजों के भ्रूण और भ्रूणपोष में गुणसूत्र की संख्या क्या होगीं?

1. भ्रूण = 30; भ्रूणपोष = 90
2. भ्रूण = 60; भ्रूणपोष = 150
3. भ्रूण = 60; भ्रूणपोष = 90
4. भ्रूण = 60; भ्रूणपोष = 120

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 96 | 703596 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

The figure below shows the genes (***a***, ***b***, ***c***, ***d***, ***f***, ***l***, ***m***, ***n***) that are expressed in cell types 1, 2, and 3 because of the concentration of morphogen signaling received by these cells.




Which one of the following statements is correct about the pattern of gene expression induced by the morphogen?

The transcription factor activated by the morphogen has:

1. higher affinity for regulatory region of ***a*** than that of ***d***.
2. higher affinity for regulatory region of ***f*** than that of ***c***.
3. same affinity for regulatory regions of ***a*** and ***b***.
4. lower affinity for regulatory region of ***m*** than that of ***c***.

निम्न चित्र, जीन (***a, b, c, d, f, l, m, n***) जो कोशिका प्रकार 1, 2, और 3 में इन कोशिकाओं द्वारा प्राप्त आकारजन संकेतन की सांद्रता के कारण अभिव्यक्त होते हैं, को दर्शाता है।




निम्न विकल्पों में से कौन एक, आकारजन द्वारा प्रेरित जीन अभिव्यक्ति के पैटर्न के बारे में सही है?

आकारजन द्वारा सक्रियित अनुलेखन कारक की:

1. ***d*** की तुलना में ***a*** के नियामक क्षेत्र के लिए उच्च बंधुता होती है।
2. ***c*** की तुलना में ***f*** के नियामक क्षेत्र के लिए उच्च बंधुता होती है।
3. ***a*** और ***b*** के नियामक क्षेत्रों के लिए समान बंधुता होती है।
4. ***c*** की तुलना में ***m*** के नियामक क्षेत्र के लिए निम्न बंधुता होती है।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 97 | 703597 | | 4.0 | 1.0 |

Dorsal-ventral patterning in the oocyte of Drosophila depends on the expression of *Gurken*. The following events occur during generation of dorsal-ventral polarity.

A. The oocyte nucleus travels to the anterior dorsal side of the oocyte where it localizes *gurken* mRNA.
B. *Gurken* protein reaches only those follicle cells closest to the oocyte nucleus.
C. The protein product forms an anterior-posterior gradient along dorsal surface of the oocyte.

What would happen if maternal deficiency of *gurken* occurs?

1. Dorsal-ventral polarity occurs in the follicle cell layer surrounding the growing oocytes.
2. Dorsalized follicle cells initiate the formation of dorsal-ventral axis of the embryo.
3. Absence of *gurken* leads to repression of the pipe protein in ventral cells.
4. Ventralization of the embryo would occur.

ड्रॉसोफिला के अंडकोशिका में पृष्ठ-अधर पैटर्न, *Gurken* की अभिव्यक्ति पर निर्भर करता है। पृष्ठ-अधर ध्रुवता उत्पन्न होने के दौरान निम्न घटनाएं होती हैं।

A. अंडकोशिका का केन्द्रक, अंडकोशिका के अग्र पृष्ठीय भाग में जाता है जहाँ यह *gurken* mRNA को स्थानीयकृत करता है।
B. *Gurken* प्रोटीन केवल उन पुटिका कोशिकाओं तक पहुंचता है जो अंडकोशिका के केन्द्रक के निकटतम होते हैं।
C. अंडकोशिका के पृष्ठीय सतह पर प्रोटीन उत्पाद एक अग्र-पश्च प्रवणता बनाता है।

*gurken* की मातृ न्यूनता होने पर क्या होगा?

1. विकसित हो रहे अंडककोशिकाओं के चारों तरफ हुए पुटिका कोशिका में पृष्ठ-उदरीय ध्रुवता होती है।
2. पृष्ठीयकृत पुटिका कोशिकाएं, भ्रूण के पृष्ठ-उदरीय अक्ष के बनने को प्रारंभ करती हैं।
3. *gurken* की अनुपस्थिति, उदरीय कोशिकाओं में पाइप प्रोटीन के दमन की ओर ले जाती है।
4. भ्रूण का उदरीयकरण होगा।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 98 | 703598 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

The table below shows the outcomes of surgical experiments in chick embryos.

| | Surgical experiments | Outcomes |
|---|---|---|
| A. | Early wing bud progress zone is transplanted to a late wing bud after the formation of zeugopod | An extra set of ulna and radius is formed |
| B. | An extra ZPA is transplanted to anterior limb bud mesoderm after the formation of stylopod | Pattern duplication of ulna, radius and digits occurs |
| C. | Late wing bud progress zone, after the formation of zeugopod, is transplanted to an early wing bud that has just formed stylopod | Formation of autopod will be affected |
| D. | Early leg mesenchyma is transplanted just beneath the wing AER after the formation of stylopod | Distal leg structures develop at the end of the wing |

Which one of the following options represents a combination of all correct outcomes?

1. A and B
2. B and D
3. A and C
4. A and D

निम्न तालिका, चूजे के भ्रूणों में शल्य-चिकित्सकीय प्रयोगों के परिणामों को दर्शाती है।

| | शल्य-चिकित्सकीय प्रयोग | परिणाम |
|---|---|---|
| A. | ज्यूडोपोड बनने के बाद प्रारम्भिक पंख मुकुल प्रगति क्षेत्र, विलंब पंख मुकुल में प्रत्यारोपित किए गए हैं | अल्ना और रेडियस का एक अतिरिक्त समुच्चय बनता है |
| B. | स्टाइलोपोड बनने के बाद, एक अतिरिक्त ZPA अग्रपाद मुकुल मध्यचर्म में प्रत्यारोपित किया | अल्ना, रेडियस और अंगुली के पैटर्न का द्विगुणन |
| C. | ज्यूडोपोड बनने के बाद विलंबित पंख मुकुल प्रगति क्षेत्र, अभी-अभी स्टाइलोपोड बनाने वाली एक प्रारम्भिक पंख मुकुल में प्रत्यारोपित होते हैं | आटोपोड का बनना प्रभावित होगा |
| D. | स्टाइलोपोड बनने के बाद प्रारम्भिक पैर मध्योतक, AER पंख के बिल्कुल नीचे प्रत्यारोपित किया गया | पंख के छोर पर दूरस्थ पैर संरचनाएं विकसित होती हैं |

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, सभी सही परिणामों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और B
2. B और D
3. A और C
4. A और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3<br>A4: 4<br>4 | | |
| Objective Question | | | | |
| 99 | 703599 | Presence of E-cadherin activates the Hippo pathway in the inner cell mass (ICM). Experimentally eliminating E-cadherin disrupts both apicobasal polarity and specification of the ICM and trophoectoderm lineages. Which one of the following schemes leads to pluripotency? | 4.0 | 1.0 |



E-कैडहेरिन की उपस्थिति आंतरिक कोशिका द्रव्यमान (ICM) में हिप्पो पथ को सक्रिय करती है। प्रायोगिक तौर से E-कैडहेरिन को हटाने पर, शीर्षआधारीय ध्रुवता और ICM तथा पोषवाह्यचर्म वंशावलियों की विशिष्टिता दोनों बाधित होती हैं। निम्न योजनाओं में किस एक में बहुशक्तता होगी?




A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 100 | 703600 | | 4.0 | 1.0 |

If planaria is cut in transverse, active Wnt signaling in the posterior side of the head piece is essential for the regeneration of a tail. Students were investigating the role of gene *abc* in this process. They find that overexpressing *abc* in the head piece blocks tail regeneration. However, overexpressing constitutively active β-catenin along with *abc* in the severed head piece allows tail formation.

Which one of the following pathways correctly depicts the role of abc and β-catenin in planarian tail regeneration?



यदि प्लेनेरिया को अनुप्रस्थवत काटा गया, सिर खंड के पश्च भाग में सक्रिय Wnt संकेतन, पुच्छ के पुनरुद्भवन के लिए आवश्यक है। विद्यार्थी इस प्रक्रिया में जीन *abc* की भूमिका का अन्वेषण कर रहे थे। उन्होंने पाया कि सिर खंड में जीन *abc* की अतिअभिव्यक्ति से पुच्छ पुनरुद्भवन रुकता है। जबकि, कटे हुए सिर खंड में, *abc* के साथ-साथ सदैव सक्रिय β-कैटेनिन की अतिअभिव्यक्ति से पुच्छ बनता है।

निम्न पथों में से कौन एक, प्लेनेरिया के पुच्छ पुनरुद्भवन में abc और β-कैटेनिन की भूमिका को सही तरीके से दर्शाता है?




A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 101 | 703601 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Phosphoenolpyruvate carboxylase (PEPCase) is an important enzyme involved in both C4 and CAM photosynthesis. Given below are a few statements regarding PEPCase in C4 and CAM plants.

A. Light activates PEPCase kinase in C4 plants.
B. Phosphorylation inactivates PEPCase in C4 plants while it activates the enzyme in CAM plants.
C. PEPCase kinase gets activated by light in CAM plants.
D. Phosphorylated PEPCase is less sensitive to malate.

Which one of the following options is the combination of all correct statements?

1. A, B and C
2. A and D
3. B, C and D
4. C and D only

फॉस्फोइनॉलपाइरुवेट कार्बोक्सीलेज (PEPCase), C4 और CAM दोनों प्रकाश संश्लेषण में सम्मिलित महत्वपूर्ण एन्ज़ाइम है। C4 और CAM पौधों के PEPCase के बारे में निम्न कुछ कथन दिए गए हैं।

A. C4 पौधों में प्रकाश PEPCase काइनेज को सक्रिय करता है।
B. फॉस्फोरिलिकरण C4 पौधों में PEPCase को निष्क्रिय करता है जबकि यह CAM पौधों में एन्ज़ाइम को सक्रिय करता है।
C. CAM पौधों में PEPCase काइनेज, प्रकाश द्वारा सक्रिय होता है।
D. फॉस्फोरिलिकृत PEPCase, मैलेट के प्रति कम संवेदी है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A, B और C
2. A और D
3. B, C और D
4. केवल C और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 102 | 703602 | | 4.0 | 1.0 |

The figure below depicts the allosteric regulation in the biosynthesis of three aromatic amino acids- Phe, Tyr and Trp, acting at four major steps catalyzed by enzymes, CM, AS, ADT and ADH. The feedback regulation and relaxation of enzyme activities by the end-product amino acids are marked.




Following assumptions are made regarding the pool of aromatic amino acids in the feedback-insensitive mutants of these allosteric enzymes.

A. The feedback-insensitive mutant of CM will show higher pool of Phe and Tyr.
B. The feedback-insensitive mutant of AS will increase only Trp pool.
C. The feedback-insensitive mutant of AS will show higher pool of Trp, Phe and Tyr.
D. In feedback-insensitive mutant of ADH, only Tyr pool is decreased.
E. In feedback-insensitive mutant of ADH, both Tyr and Phe pools are increased transiently.

Which one of the following options represents a combination of all correct assumptions?

1. A, B and D
2. A, C and E
3. B, C and E
4. C, D and E

निम्न चित्र, तीन एरोमैटिक अमीनो अम्लों, Phe, Tyr और Trp के जैवसंश्लेषण में अपरस्थली विनियमन को दर्शाता है जो एंज़ाइमों CM, AS, ADT और ADH से उत्प्रेरित चार प्रमुख चरणों में कार्य करते हैं। अंत-उत्पाद अमीनों अम्लों द्वारा एन्ज़ाइम अभिक्रियाओं की प्रतिपुष्टि विनियमन और शिथिलन चिन्हित किए गए हैं।




निम्न पूर्वानुमान, इन अपरस्थली एन्ज़ाइमों के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्तियों में एरोमैटिक अमीनो अम्लों के समूह के बारे में बनाए गए हैं।

A. CM के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्ती, Phe और Tyr के उच्चतर समूह प्रदर्शित करेंगे।
B. AS के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्ती, केवल Trp समूह को बढ़ायेंगे।
C. AS के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्ती, Trp, Phe और Tyr के उच्चतर समूह प्रदर्शित करेंगे।
D. ADH के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्ती में केवल Tyr समूह घटेगा।
E. ADH के प्रतिपुष्टि-असंवेदी उत्परिवर्ती में, दोनों Tyr और Phe समूह अस्थायी तौर पर बढ़ते हैं।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही पूर्वानुमानों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A, B और D
2. A, C और E
3. B, C और E
4. C, D और E

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 103 | 703603 | | 4.0 | 1.( |

Following statements are made with respect to polar auxin transport in plants.

A. It proceeds via symplast.
B. Its velocity is faster than the phloem translocation rates.
C. It is specific for active auxins, both natural and synthetic.
D. It is mediated by protein carriers on the plasma membrane.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A and B only
2. C and D only
3. B, C and D
4. A, B and D

पौधों में ध्रुवीय ऑक्सिन परिवहन के संबंध में निम्न कथन कहे गए।

A. यह संलवक द्वारा आगे बढ़ता है।
B. इसका वेग पोषवाह स्थानांतरण दर से अधिक तीव्र होता है।
C. यह प्राकृत और संश्लेषित दोनों सक्रिय ऑक्सिनों के लिए विशिष्ट होती।
D. यह प्लाज्मा झिल्ली पर प्रोटीन वाहकों द्वारा माध्यित होती है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. केवल A और B
2. केवल C और D
3. B, C और D
4. A, B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 104 | 703604 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Leaves can alter the intracellular distribution of their chloroplasts in response to changing light conditions. Shown below are schematic diagram of chloroplast distribution patterns in palisade cells of *Arabidopsis,* in response to different light intensities, grown in a growth chamber having light source from the top.




Which one of the following combinations correctly matches the chloroplast distribution with its corresponding light intensity?

1. A= High light; B=Darkness; C = Low light
2. A= Darkness; B= High light; C = Low light
3. A= Low light; B= Darkness; C = High light
4. A= High light; B= Low light; C = Darkness

पत्तियां, बदल रही प्रकाश दशाओं की प्रतिक्रिया स्वरूप उनके हरितलवकों के अन्तःकोशिकीय वितरण को परिवर्तित कर सकती हैं। विभिन्न प्रकाश तीव्रताओं की प्रतिक्रिया में, जहाँ प्रकाश स्रोत वर्धन कक्ष में ऊपर स्थित है, वर्धित एराबिडॉप्सिस के खंभ कोशिकाओं के हरितलवक के वितरण प्रतिरूपों को योजनाबद्ध चित्र से नीचे दर्शाया गया है।




निम्न संयोजनों में से कौन सा एक, हरितलवक वितरण से इसके समतुल्य प्रकाश तीव्रता का सही तरीके से मिलान करता है?

1. A= अधिक प्रकाश; B=अंधेरा; C = कम प्रकाश
2. A= अंधेरा; B= अधिक प्रकाश; C = कम प्रकाश
3. A= कम प्रकाश; B= अंधेरा; C = अधिक प्रकाश
4. A= अधिक प्रकाश; B= कम प्रकाश; C = अंधेरा

A1: 1

1

A2: 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

105 703605 4.0 1.0

The interconversion of fructose 6-phosphate to fructose 1,6-bisphosphate is a critical step in central metabolism in plants. Followings are certain statements regarding this interconversion.

A. Phosphofructokinase catalyzes the C6 phosphorylation of fructose 6-phosphate.
B. Plastid phosphofructokinase is activated by $P_i$ while cytosolic phosphofructokinase is activated by phosphenolpyruvate.
C. Cytosolic fructose1,6-bisphosphatase is strongly inhibited by fructose 2,6-bisphosphate.
D. Pyrophosphate-dependent phosphofructokinase catalyzes a reversible reaction of interconversion of fructose 6-phosphate to fructose 1,6-bisphosphate.

Which one of the following options is a combination of all correct statements?

1. A and B
2. B and D
3. A and C
4. C and D

पौधों में केन्द्रीय उपापचाय में, फ्रुक्टोज 6-फॉस्फेट का फ्रुक्टोज 1,6-बिस्फॉस्फेट में अंतरारूपांतरण एक महत्वपूर्ण चरण है। इस अंतरारूपांतरण के बारे में निम्न कुछ कथन हैं।

A. फॉस्फोफ्रुक्टोकाइनेज, फ्रुक्टोज 6-फॉस्फेट के C6 फॉस्फोरिलिकरण को उत्प्रेरित करता है।
B. लवक फॉस्फोफ्रुक्टोकाइनेज $P_i$ द्वारा सक्रिय होता है जबकि कोशिकाद्रवी फॉस्फोफ्रुक्टोकाइनेज फॉस्फइनॉलपाइरुवेट द्वारा सक्रिय होता है।
C. कोशिकाद्रवी फ्रुक्टोज 1,6-बिस्फॉस्फेटेज, फ्रुक्टोज 2,6-बिस्फॉस्फेट द्वारा प्रबलता पूर्वक संदमित होता है।
D. पाइरोफॉस्फेट-आश्रित फॉस्फोफ्रुक्टोकाइनेज, फ्रुक्टोज 6-फॉस्फेट का फ्रुक्टोज 1,6-बिस्फॉस्फेट में अंतरारूपांतरण की उत्क्रमी अभिक्रिया को उत्प्रेरित करता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और B
2. B और D
3. A और C
4. C और D

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 106 | 703606 | The following statements are made regarding root-knot nematode infection in plants.<br>A. Chemical signals released by the plant roots can induce hatching of the juvenile nematodes.<br>B. Mitosis coupled with cytokinesis and DNA endoreduplication is induced during root-knot nematode infection.<br>C. Nematodes form syncytial feeding structures by recruiting plant cells.<br>D. Nematode infections suppress cortical cell growth in plants.<br><br>Which one of the following options represents the combination of all correct statements?<br>1. A and B<br>2. A and C<br>3. B and C<br>4. B and D<br><br>पौधों में मूल-गाँठ निमेटोड के संक्रमण के बारे में निम्न कथन कहे गए।<br>A. पौधों के मूल से स्रावित रसायनिक संकेत, किशोर निमेटोडों के स्फुटन को प्रेरित करते हैं।<br>B. कोशिकाद्रव-विभाजन और DNA अंतःपुनर्द्विगुणन से युग्मित समसूत्री विभाजन, मूल-गाँठ संक्रमण के दौरान प्रेरित होता है।<br>C. निमेटोड, पौधों की कोशिकाओं की भर्ती द्वारा, बहुकेंन्द्रकी भरण संरचनाएं बनाते हैं।<br>D. निमेटोड संक्रमण, पौधों में वल्कुटी कोशिका वृद्धि को कम करते हैं।<br><br>निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के युग्म को प्रस्तुत करता है?<br>1. A और B<br>2. A और C<br>3. B और C<br>4. B और D<br><br>A1 : 1<br>1<br>A2 : 2<br>2<br>A3 : 3<br>3<br>A4 : 4<br>4 | 4.0 | 1.0 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 107 | 703607 | | 4.0 | 1.0 |

Given below are a few ion transport proteins present on the membrane of pancreatic duct cells.

A. Cystic fibrosis transmembrane conductance regulator (CFTR)
B. Sodium-bicarbonate cotransporter (NBC)
C. $K^+$ channel
D. $Cl^-/HCO_3^-$ exchanger

Which one of the following options represents the correct combinations of proteins located on the basolateral membrane of pancreatic duct cells?

1. A and B
2. B and C
3. C and D
4. A and D

अग्न्याशयी नलिका कोशिका की झिल्ली पर उपस्थित कुछ आयन परिवहन प्रोटीन नीचे दिए गए हैं।

A. सिस्टिक फाइब्रोसिस ट्रांसझिल्ली चालकत नियामक (CFTR)
B. सोडियम-बाइकार्बोनेट कोट्रान्सपोर्टर (NBC)
C. $K^+$ प्रणाल
D. $Cl^-/HCO_3^-$ विनियमक

निम्न विकल्पों में से कौन एक, अग्न्याशयी नलिका कोशिकाओं के आधारपार्श्वीय झिल्ली पर स्थित प्रोटीनों के युग्मों को दर्शाता है?

1. A और B
2. B और C
3. C और D
4. A और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 108 | 703608 | | 4.0 | 1.0 |

Given below are some statements about thyroid hormone biosynthesis in thyroid gland.

A. An antiporter transports two $Na^+$ ions and one $I^-$ ion across the thyroid follicular cells.

B. Pendrin, a $Cl^-/I^-$ symporter helps $I^-$ entry into the colloid.

C. Pendrin, a $Cl^-/I^-$ exchanger helps $I^-$ entry into the colloid.

D. Iodination of tyrosine residue takes place first on the 3rd position in the thyroglobulin protein.

Which one of the following options represents the combination of correct statements?

1. A and B
2. B and C
3. C and D
4. A and D

थाइरॉइड ग्रन्थि में, थाइरॉइड हॉर्मोन जैवसंश्लेषण के बारे में निम्न कुछ कथन दिए गए हैं।

A. एक प्रतिगमक, दो $Na^+$ आयनों और एक $I^-$ आयन का थाइरॉइड पुटकीय कोशिकाओं के आर-पार ले जाता है।

B. पेंड्रिन, एक $Cl^-/I^-$ सहगमक, कोलॉइड के अंदर $I^-$ के प्रवेश में सहायता करता है।

C. पेंड्रिन, एक $Cl^-/I^-$ विनियमक, कोलॉइड के अंदर $I^-$ के प्रवेश में सहायता करता है।

D. थाइरोग्लोबुलिन में, सबसे पहले 3rd स्थान पर टाइरोसीन अवशिष्ट का आयोडिनीकरण होता है।

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, सभी सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और B
2. B और C
3. C और D
4. A और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 109 | 703609 | | 4.0 | 1.0 |

The following statements suggest the physiological characteristics of the dead space in respiratory system, alveolar ventilation (the amount of air reaching alveoli per minute) and respiratory minute volume (RMV) in healthy individuals.

A. The alveolar ventilation is less than RMV.
B. The anatomic dead space can be estimated by the body weight of the individual.
C. At rest, the anatomic dead space and physiological dead space are identical.
D. The alveolar ventilation is higher in rapid shallow breathing than that of the slow deep breathing at the same RMV.

Which one of the following options represents the combination of correct statements?

1. A, B and C
2. B, C and D
3. C and D only
4. A only

निम्न कथन, स्वस्थ व्यष्टियों में श्वसन तंत्र में मृत स्थल का कार्यिकी गुणधर्म, कूपिका संवातन (कूपिकाओं तक प्रति मिनट पहुँचने वाली वायु) और श्वसन मिनट आयतन (RMV) के सुझाव देते हैं।

A. कूपिका संवात RMV से कम होता है।
B. शारीरिकी मृत स्थल व्यष्टियों के शरीर के वजन से अनुमानित की जा सकती है।
C. विराम पर शारीरिकी मृत स्थल और कार्यिकी मृत स्थल एक समान होते हैं।
D. एक समान RMV पर कूपिका संवातन, धीरे गहरी श्वास की तुलना में तीव्र हल्की श्वास में अधिक होता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A, B और C
2. B, C और D
3. केवल C और D
4. केवल A

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 110 | 703610 | | 4.0 | 1.0 |

Angiotensin converting enzyme (ACE) converts angiotensin I into angiotensin II. ACE inhibitors should not be given to a person with severe loss of blood because:

A. these will increase renal tubular $K^+$ excretion.
B. these will relax smooth muscles in the arteries.
C. these will reduce aldosterone secretion and thereby prevent water retention.
D. these will decrease renal tubular NaCl and water excretion.

Which one of the following options represents the combination of correct reasons?

1. A and C
2. A and D
3. B and C
4. B and D

एंजिओटेन्सिन परिवर्तक एन्ज़ाइम (ACE), एंजिओटेन्सिन I को एंजिओटेन्सिन II में परिवर्तित करता है। अत्यधिक रक्त स्राव पर व्यक्ति को ACE संदमक नहीं देनी चाहिए क्योंकि:

A. ये वृक्कीय नलिकाकार $K^+$ उत्सर्जन को बढ़ा देंगी।
B. ये धमनियों में चिकनी पेशी को शिथिल करेंगे।
C. ये एलडस्टेरॉन के स्रावण को घटा देते हैं और फलस्वरूप जल धारण शक्ति को रोकेंगे।
D. ये वृक्कीय नलिकाकार NaCl और जल उत्सर्जन को घटा देंगी। .

निम्न विकल्पों में से कौन एक, सभी सही तर्कों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और C
2. A और D
3. B और C
4. B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 111 | 703611 | | 4.0 | 1.0 |

The descending phase of the nerve action potential is caused by:

A. delayed opening of voltage-gated $K^+$ ion channels.
B. rapid opening of voltage-gated $Na^+$ ion channels.
C. closing of voltage-gated $Na^+$ ion channels.
D. leaky $K^+$ ion channels.

Which one of the following options represents the combination of correct statements?

1. A and B
2. A and C
3. B and C
4. B and D

तंत्रिका क्रिया विभव की अवरोही कला निम्न के कारण होती है:

A. वोल्टेज-द्वारित $K^+$ आयन चैनलों के विलंबित खुलने से।
B. वोल्टेज-द्वारित $Na^+$ आयन चैनलों के त्वरित खुलने से।
C. वोल्टेज-द्वारित $Na^+$ आयन चैनलों के बंद होने से।
D. क्षरणीय $K^+$ आयन चैनलों से।

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और B
2. A और C
3. B और C
4. B और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 112 | 703612 | | 4.0 | 1.( |

The mechanisms of action of calcitropic hormones are important for understanding the molecular basis of disease states related to calcium homeostasis.

A. Calcium binding (transport) protein (CaBP) enhances the movement of calcium from the brush border into the cytoplasm.
B. Receptors for calcitonin are present in the osteoclasts where they increase cAMP production.
C. Parathormone essentially works independently to mobilize bone mineral, and never in concert with vitamin D.
D. The major calcitropic hormone, calcitriol, regulates intestinal calcium absorption.

Which one of the following options is INCORRECT in maintaining calcium homeostasis?

1. A and B
2. Only B
3. Only C
4. C and D

कैल्सियम समस्थिति से संबंधित रोग अवस्था के आण्विक आधार को समझने के लिए कैल्सिट्रॉपिक हॉर्मोन की क्रिया की क्रियाविधियाँ महत्वपूर्ण हैं।

A. कैल्सियम बंधन (परिवहन) प्रोटीन (CaBP) कोशिकाद्रव के अंदर ब्रुश बॉर्डर से कैल्सियम का आवागमन बढ़ा देती हैं।
B. कैल्सीटोनिन के ग्राही अस्थिभंजक में उपस्थित होते हैं जहां वे cAMP का उत्पादन बढ़ा देते हैं।
C. अस्थि खनिज का उपयोग करने के लिए पैराथार्मोन अनिवार्यतः स्वतंत्र रूप से, और विटामिन D के संगत कभी कार्य नहीं करते हैं।
D. मुख्य कैल्सिट्रॉपिक हार्मोन, कैल्सीट्रिओल आंत्रिक कैल्सियम अवशोषण को नियमन करता है।

निम्न विकल्पों में से कौन सा एक कैल्सियम समस्थिति को बनाए रखने के विषय में **गलत** है?

1. A और B
2. केवल B
3. केवल C
4. C और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 113 | 703613 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

Sturtevant introduced the concept of recombination frequency-based genetic maps. Since genetic distances between genes may be underestimated due to the occurrence of double crossovers, other mapping functions were developed to provide more accurate estimates. Haldane's mapping function assumes no interference between crossovers, while Kosambi's mapping function accounts for interference. The following graph presents the relationship between recombination frequency and map distance (cM) as proposed by Sturtevant and after corrections using either Haldane's or Kosambi's mapping functions.




The following statements were made about genetic maps.

A. Line I in the above plot represents relationship between recombination frequency and map distance based on Kosambi function.

B. The chance of underestimation of map distance increases with increase in recombination frequency.

C. Genetic mapping proposed by Strutevant assumes complete interference.

Which one of the following options correctly identifies each statement as True (T) or False (F) from A to C, respectively?

1. T, T, T
2. T, T, F
3. T, F, T
4. F, T, T

स्टर्टवेंट ने पुनर्योजन आवृत्ति-आधारित आनुवंशिक मानचित्रों का सिद्धांत दिया। चूंकि दोहरे विनिमय के कारण जीनों के मध्य आनुवंशिक दूरी कम आँकी जा सकती है इसलिए ज़्यादा सही आंकलन के लिए दूसरे मापन प्रकार्य विकसित किए गए। हाल्डेन के मापन प्रकार्य विनिमयों के मध्य कोई हस्तक्षेप नहीं मानते जबकि कोसाम्बी के मापन प्रकार्य हस्तक्षेप को महत्व देते हैं। निम्न रेखाचित्र पुनर्योजन आवृत्ति और मापन दूरी (cM) के मध्य सम्बन्ध को दर्शाता है जैसा कि स्टर्टवेंट द्वारा प्रतिपादित, और या तो हाल्डेन या कोसाम्बी के मापन प्रकार्य के प्रयोग से किए गए सुधार द्वारा किया गया।




आनुवंशिक मानचित्रों के बारे में निम्न कथन दिए गए।

A. उपरोक्त आलेख में रेखा I कोसाम्बी प्रकार्य के आधार पर पुनर्योजन आवृत्ति और आनुवंशिक दूरी के मध्य संबंध को दर्शाता है।

B. पुनर्योजन आवृत्ति में बढ़ोत्तरी के साथ मापन दूरी के कम आंकलन की संभावना बढ़ जाती है।

C. स्टर्टवेंट द्वारा दिया गया आनुवंशिक मापन पूर्ण हस्तक्षेप को मानता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक, क्रमशः A से C तक प्रत्येक कथन की सही (T) या गलत (F) के रूप में सही पहचान करता है?

1. T, T, T
2. T, T, F
3. T, F, T
4. F, T, T

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 114 | 703614 | | 4.0 | 1.( |

Normal yeast cells grow at 42°C. Five yeast haploid strains, with independent alleles of *YFG1* having impaired cell growth at 42°C, were isolated and labeled as *yfg1ts1* to *yfg1ts5*. A haploid (*yfg1ts1*) carrying a spontaneously generated mutation (*sup1*) at an independent locus was isolated, which can grow at 42°C. Using pairwise crossing, *sup1* was introduced into strains carrying *yfg1ts2* to *yfg1ts5* alleles. All these haploids grew at 42°C.

Based on this data, the following statements were made to describe the *Sup1-Yfg1* molecular/genetic interaction.

A. *Sup1* codes for a protein which, when over-expressed, stabilized mutant *yfg1ts* proteins.
B. *Sup1* codes for a protein that physically interacts with *Yfg1* protein.
C. *Sup1* protein upregulates an alternate pathway.
D. *Sup1* is a nonsense suppressor that restores protein translation in cells carrying *yfg1ts* allele.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A and B only
2. B, C and D only
3. A, B and C only
4. A, B, C and D

सामान्य यीस्ट कोशिका 42°C पर वर्धित होती है। पाँच अगुणित यीस्ट प्रभेदों के *YFG1* के स्वतंत्र एलीलों जिनका 42°C पर क्षीण कोशिका वर्धन होता है को पृथक कर *yfg1ts1* से *yfg1ts5* तक चिन्हित किया गया। स्वतंत्र विस्थल पर एक स्वतःजनित उत्परिवर्तन (*sup1*) को धारित करने वाले अगुणित (*yfg1ts1*) को पृथक किया गया जो 42°C पर वर्धित हो सकता है। युग्मानुसार विनिमय का प्रयोग करते हुए *sup1* को *yfg1ts2* से *yfg1ts5* एलील वाले प्रभेदों में डाला गया। ये सभी अगुणित 42°C पर विकसित हुए।

इस आँकड़े के आधार पर, *Sup1-Yfg1* आण्विक/आनुवांशिक अन्योन्यक्रिया की व्याख्या के लिए निम्न कथन दिए गए।

A. *Sup1* एक प्रोटीन को कोड करती है, जो अति-अभिव्यक्त होने पर उत्परिवर्ती *yfg1ts* प्रोटीन को स्थिर करती है।
B. *Sup1* एक प्रोटीन को कोड करती है जो *Yfg1* प्रोटीन से भौतिकतः अन्योन्यक्रिया करती है।
C. *Sup1* प्रोटीन एक वैकल्पिक पथ को बढ़ा देती है।
D. *Sup1* एक निरर्थक दमनकारी है जो *yfg1ts* एलील वाली कोशिकाओं में प्रोटीन अनुवादन को पुनःस्थापित कर देता है।

निम्न विकल्पों में से कौन एक सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. केवल A और B
2. केवल B, C और D
3. केवल A, B और C
4. A, B, C और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 115 | 703615 | Two closely related individuals, suffering from a congenital disease, have several children. A genetic counselor constructs the following pedigree of the family and concluded that this disease is caused by mutations in at least two genes. | 4.0 | 1.0 |



Further, based on this information, the following statements were made:

A. At least one of the children will not carry any mutations linked to this condition.
B. The mutations causing this disease are recessive.
C. At least one of the mutant genes is on the Y chromosome.
D. Simultaneous heterozygous mutations in the involved genes can cause the disease.

Which one of the following options is the combination of all correct statements?

1. A and B
2. B and C
3. A and D
4. A and C

एक जन्मजात बीमारी से पीड़ित दो घनिष्ट रूप से संबंधित व्यक्तियों के कई बच्चे हैं। एक आनुवंशिक सलाहकार परिवार की निम्न वंशावली की रचना करता है और बताता है कि यह रोग कम से कम दो जीनों में उत्परिवर्तन के कारण होता है।



तत्पश्चात इस सूचना के आधार पर निम्न कथन दिए गए:

A. कम से कम एक बच्चे में इस स्थिति से संबंधित कोई उत्परिवर्तन नहीं होगा।
B. यह बीमारी करने वाले उत्परिवर्तन अप्रभावी हैं।
C. कम से कम एक उत्परिवर्ती जीन Y गुणसूत्र पर है।
D. सम्मिलित जीनों में समकालिक विषमयुग्मज उत्परिवर्तन रोग उत्पन्न कर सकते हैं।

निम्न विकल्पों में से कौन एक सभी सही कथनों के युग्म को दर्शाता है?

1. A और B
2. B और C
3. A और D
4. A और C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 116 | 703616 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

A mutation in a plant gene is female gametophyte lethal. This mutant allele can be normally transmitted through pollen. However, when transmitted through egg, the embryos abort, resulting in inviable seeds irrespective of the male allele. A student harvested the seeds from a heterozygous mutant plant and grew a total of 100 plants. What is the expected number of homozygous plants in this population?

1. 25
2. 50
3. 66
4. 75

एक पादप जीन में उत्परिवर्तन मादा युग्मकोद्भिद के लिए घातक है। यह उत्परिवर्ती एलील सामान्यतः परागकणों द्वारा संचारित होता है। जबकि अंडे से संचारित होने पर भ्रूण विफल हो जाता है और नर एलील अनपेक्ष असमर्थ बीज बनाता है। एक विधार्थी ने एक विषमयुग्मज उत्परिवर्ती पौधे से बीज प्राप्त किए और कुल 100 पौधे उगाए। इस आबादी में समयुग्मज पौधों की संभावित संख्या क्या होगी?

1. 25
2. 50
3. 66
4. 75

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| 117 | 703617 | | 4.0 | 1.0 |
|---|---|---|---|---|

In sesame, the seed coat color is of two types: white or brown. True breeding white- and brown-seeded plants were reciprocally crossed and the results are given below.




Which one of the following types of inheritance explains the depicted transmission of seed color in sesame?

1. Plastid/mitochondrial gene-mediated maternal/cytoplasmic inheritance
2. Nuclear gene-mediated maternal effect
3. Polar overdominance
4. Incomplete maternal inheritance

तिल में बीजावरण रंग दो प्रकार के हैं: सफेद और भूरा। तद्रूप प्रजनन वाले सफेद और भूरे बीज वाले पौधे पारस्परिक रूप से संकरित किए गए और उसके परिणाम नीचे दिए गए हैं।




आनुवांशिकता के निम्न प्रकारों में से कौन सा एक, तिल में बीज के रंग के प्रदर्शित संचरण की व्याख्या करता है?

1. लवक/सूत्रकणिकीय जीन-माध्यित मातृक/कोशिकाद्रवी आनुवांशिकता
2. केंद्रकीय जीन-माध्यित मातृक प्रभाव
3. ध्रुवीय अतिप्रभाविता
4. अपूर्ण मातृक आनुवांशिकता

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 118 | 703618 | | 4.0 | 1.0 |

Based on homology, a protein, CG2024, functions as a homotetramer. The function of each unit within the tetramer is essential for its catalytic activity. CG2024 protein has three domains. Domain 'a' is essential for tetramerization, domain 'b' is essential for catalytic activity and domain 'c' does not contribute to CG2024 function at all. Three mutations, a*, b* and c* in the 'a', 'b' and 'c' domains of CG2024, respectively, have been identified. The a* and b* disrupt the function of their respective domains.

Based on this information, which one of the following options correctly describes the nature of mutations a*, b* and c* (in the same order)?

1. Dominant, recessive, amorphic
2. Dominant, dominant, amorphic
3. Recessive, dominant, recessive
4. Recessive, recessive, dominant.

सजातीयता के आधार पर एक प्रोटीन, CG2024, एक समचतुष्टय की तरह कार्य करती है। चतुष्टय के अंदर प्रत्येक इकाई का कार्य इसकी उत्प्रेरणात्मक सक्रियता के लिए आवश्यक है। CG2024 प्रोटीन में तीन प्रक्षेत्र हैं। प्रक्षेत्र 'a' चतुष्टयता के लिए आवश्यक है, प्रक्षेत्र 'b' उत्प्रेरणात्मक सक्रियता के लिए आवश्यक है और प्रक्षेत्र 'c' CG2024 कार्य के लिए कोई सहायता नहीं करता है। CG2024 के 'a', 'b' और 'c' प्रक्षेत्रों में क्रमशः तीन उत्परिवर्तन, a*, b* और c* की पहचान की गयी। a* और b* अपने प्रक्षेत्रों के कार्यों को बाधित कर देते हैं।

इस सूचना के आधार पर निम्न विकल्पों में से कौन सा एक, उत्परिवर्तनों a*, b* और c* (उसी क्रम में) के प्रकृति की सही व्याख्या करता है?

1. प्रभावी, अप्रभावी, अरूपिक
2. प्रभावी, प्रभावी, अरूपिक
3. अप्रभावी, प्रभावी, अप्रभावी
4. अप्रभावी, अप्रभावी, प्रभावी.

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 119 | 703619 | | 4.0 | 1.0 |

The table below lists the food reserves (Column X) found in different algal groups (Column Y).

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A. | Paramylon | I. | Bacillariophyceae |
| B. | Starch | II. | Phaeophyceae |
| C. | Laminarin | III. | Charophyceae |
| D. | Chrysolaminarin | IV. | Euglenophyceae |

Select the option that correctly matches column X with column Y.

1. A-II B-III C-I D-IV
2. A-IV B-III C-II D-I
3. A-III B-II C-I D-IV
4. A-I B-IV C-III D-II

